परेशानी बढ़ती महंगाई, सिलेंडरों की किल्लत पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सरकारी की गलत नीतियों को बताया जिम्मेदार

गैस सिलेंडर की किल्लत बढ़ी, होम डिलेवरी बंद

नवभारत, कटनी। पूरे देश में लगातार बढ़ रही महंगाई और घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों के विरोध में शुक्रवार को बड़वारा मुख्यालय पर कांग्रेस और युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस और युवा कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व में काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड स्थित मशीन चौक पर धरना दिया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपकर जनहित से जुड़ी मांगों के जल्द निराकरण करने की मांग की। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इन नीतियों और अंतरराष्ट्रीय समझौतों का परिणाम आज पूरे देश की गरीब और मध्यमवर्गीय जनता भुगत रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के कारण देश एक बार फिर 90 के दशक में पीछे चला गया है। इसराइल ने आगे कहा कि उज्ज्वला योजना के सिलेंडर अब सिर्फ दिखावटी वस्तु बन गए हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग फिर से चूल्हे पर खाना पकाने को मजबूर हैं। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की बढ़ी हुई कीमतों और जनता को हो रही किल्लत का भी जिक्र किया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय स्तर पर गैस वितरण व्यवस्था को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विकास निगम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी हो रही है। उन्होंने प्रशासन से इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम ने आरोप लगाया कि पिछले एक महीने से ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरण करने वाली गाड़ियां नहीं पहुंच रही हैं। उन्होंने प्रशासन से उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए इन गाड़ियों को नियमित रूप से गांवों में भिजवाना सुनिश्चित करने की मांग की। महंगाई के अलावा कांग्रेस ने स्थानीय जनसमस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह बघेल ने कहा कि बड़वारा क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कीमतें बेलगाम हो चुकी हैं, जिससे आम आदमी की रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। इसके अलावा उन्होंने बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। मरीजों को न तो समय पर इलाज मिल रहा है और न ही दवाइयां। कांग्रेस ने स्थानीय प्रशासन और सरकार से मांग की है कि स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को तत्काल सुधारा जाए, ताकि गरीबों को समुचित इलाज मिल सके। विरोध प्रदर्शन के दौरान घटना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार को कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

घनी बस्ती में लगी आग पर आठ मिनट में पाया काबू

नगर निगम टीम ने की मॉक ड्रिल, परखी प्रबंधन की क्षमता

नवभारत, कटनी। नगर निगम द्वारा आपात स्थितियों से प्रभावी तरीके से निपटने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मॉक ड्रिल का आयोजन लगातार किया जा रहा है। नगर निगम की टीम ने बीडी अग्रवाल वार्ड स्थित अलफर्ट गंज की घनी बस्ती के दो स्थानों में आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय एवं बचाव कार्यों की तैयारी को परखना रहा। ड्रिल के दौरान आग लगने की काल्पनिक स्थिति निर्मित कर उसे नियंत्रित करने की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के तहत आम रास्ते पर आग लगने की घटना दर्शाई गई, जिस पर फायर अमले द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर नियंत्रण पाया गया। घनी बस्ती और संकरी गलियों के कारण फायर वाहन को मधई मंदिर के समीप खड़ा किया गया, जहां से टीम द्वारा अतिरिक्त पाइप जोड़कर घटनास्थल तक पहुंच बनाई गई और बचाव कार्य शुरू किया गया। फायर इंचार्ज शैलेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि कंट्रोल रूम से शाम 6 बजकर 47 मिनट सूचना प्राप्त होते ही फायर वाहन को तत्काल रवाना किया गया। टीम की तत्परता और समन्वित प्रयासों से लगभग 8 मिनट के अंदर आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से कर्मचारियों की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया।

एक नजर में

जिले के पहले राहवीर को दी गई 25 हजार की राशि

नवभारत, कटनी। 26 जुलाई को पंचवटी ढाबा के समीप घटित सड़क दुर्घटना में घायल युवक को गोल्डन आवर में जिला अस्पताल पहुंचाकर घायल की जान बचाने वाले कोतवाली थाना क्षेत्र के खिरहनी फाटक वेंकट वार्ड निवासी कमलेश निषाद को राहवीर योजना के तहत 25 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय अप्रेजल कमेटी द्वारा कमलेश निषाद पिता ननकू निषाद के नाम का अनुमोदन प्रस्ताव राहवीर योजना के लिए राज्य सड़क सुरक्षा समिति को प्रेषित किया गया था। यह घटना 26 जुलाई 2025 की रात करीब 9 बजकर 50 मिनट पर पंचवटी ढाबा के पास घटित हुई थी। जहां सड़क दुर्घटना में उमरिया जिला निवासी 28 वर्षीय विपिन तिवारी पिता हरिनारायण तिवारी गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायल विपिन तिवारी को तत्परता से कमलेश निषाद ने गोल्डन आवर में जिला अस्पतानल पहुंचाकर घायल की जान बचाई थी। जहां परीक्षण के बाद घायल के पैर के ओपन ग्रेड 3 बी पटेला फ्रैक्चर में चोट पाई गई। इस पर घायल को शल्य क्रिया के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चोट गंभीर प्रकृति की श्रेणी में आती है और राहवीर कमलेश निषाद द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की वजह से घायल को गोल्डन आवर में ईलाज मिला। जिसके कारण घायल की जिंदगी बचाई जा सकी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सड़क दुर्घटना में घायल की मदद कर जिले के पहले राहवीर बनने पर कमलेश निषाद की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। साथ ही घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में लोगों से मदद के लिए कहा है। गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को इस पुण्य और नेक काम के लिए राहवीर योजना के तहत 25 हजार रूपए की पुरस्कार राशि और सम्मान पत्र से सम्मानित करने का प्रावधान है। इस योजना के तहत ऐसे व्यक्तियों को राहवीर माना जाता जो दुर्घटना में पीड़ितों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाकर उसका इलाज कराता है। ऐसे राहवीरों को प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप में 24 हजार रूपए दिए जाते हैं।

सूचना पर तत्काल करें रिस्पांस, पहुंचे घटना स्थल

एफआरवी चालकों की पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

नवभारत, कटनी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले में संचालित 22 एफआरव्ही वाहनों के चालकों की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें पीड़ितो के हितों में तत्काल कार्रवाई करने और आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने तत्काल रिस्पांस टाइम के लिए इंवेट प्राप्त होते ही कम से कम समय में मौके पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया। वाहनों का रख-रखाव और वाहनों मे लगे उपकरण एमडीटी, जीपीएस सिस्टम व डेश-कैम आदि को सदैव सकिय रखते हुए निर्धारित रूट पर लगातार पेट्रोलिंग करने, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलसेंस नीति अपनाने और चालक द्वारा अवैध वसूली या रिश्वत लेने की शिकायत मिलने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। बैठक के दौरान चालकों ने अपनी समस्याओं जैसे वेतन विसंगति, ड्यूटी समय की भी जानकारी दी। जिस पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा उचित दिशा निर्देश दिए गए हैं।

आज से 19 दिनों तक सुबह दस से दो बजे तक बंद रहेगी बिजली

बिजली तारों का होगा मरम्मत और सुधार कार्य

नवभारत, कटनी। शहर संभाग क्षेत्र के 33 केवी और 11 केवी फीडरों की लाइनों के सुधार कार्य के मद्देनजर क्षेत्रों से जुड़े सभी उच्चदाब और निम्नदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति 4 अप्रैल से 23 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। आवश्यकतानुसार इसकी समयावधि घटाई और बढ़ाई जा सकती है। मप्रपूक्षेविविकंलि के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि 33 केवी चाका फीडर अंतर्गत शनिवार 4 अप्रैल को प्रभावित क्षेत्र 33 केवी, चाका फीडर उपकेन्द्र चाका से निकलने वाले 11 केवी लमतरा, 11 केवी फैलवारा 11 केवी इंडस्ट्रियल-1 और 2, 11 केवी वेयर हाउस, 11 केवी फीडर से जुड़े क्षेत्रो कि विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसी प्रकार 33 केवी पहरुआ, 33 केवी कटनी-1 फीडर अंतर्गत रविवार 5 अप्रैल 11 केवी उपकेन्द्र गणेश चौक से निकलने वाले 11 केवी फीडर सिटी-8, सिटी-9, सिटी-10, सिटी-11 फीडर के प्रभावित क्षेत्र उच्च दाव कनेक्शन शासकीय हॉस्पिटल, रेलवे, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, बरही रोड, विधायक बंगला, हीरा गंज गुरुनानक वार्ड, सुभाष चौक, झंडा बाजार, गोल बाजार, गर्ग चौराहा, घंटा घर, गांधी द्वार, सब्जी मंडी, विश्वकर्मा पार्क, गणेश चौक, गजानन काम्प्लेक्स, ढोर हॉस्पिटल और फीडर से जुड़े समस्त उच्च दाव उपभोक्ता की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार 11 केवी सिटी-7 फीडर अंतर्गत सोमवार 6 अप्रैल को प्रभावित क्षेत्र धाऊ चक्की, मिशन चौक, गाटरघाट, चांडक चौक, पुरानी बरती, पुलिस थाना कटनी, कचेहरी चोराहा से जुड़े क्षेत्र के उपभोक्ताओ कि विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसी प्रकार 33 केवी मानसरोवर फीडर अंतर्गत मंगलवार 7 अप्रैल को प्रभावित समदरिया उपकेन्द्र से निकलने बाले 11 केवी फीडर समदरिया 1, समदरिया-2 केवी उपकेन्द्र मित्तल एन्क्लेव से निकलने वाले 11 केवी फीडर मित्तल-1, मित्तल 2 फीडर से जुड़े सभी उपभोक्ताओ कि विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसी प्रकार 33 केवी डाबर फीडर अंतर्गत बुधवार 8 अप्रैल को प्रभावित क्षेत्र झिंझरी उपकेन्द्र से निलकने वाले 11 केवी फीडर से जुड़े क्षेत्र सायना, न्याय निकुज, जिला न्यायालय, दद्दा धाम, वृन्दावन कालोनी, कलेक्ट्रेट कार्यालय, एसपी ऑफिस कलेक्ट्रेट बंगला के अंतर्गत आने वाले सभी सम्बंधित क्षेत्र से जुड़े उपभोक्ताओ की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जबकि 33 केवी बिलहरी फीडर अंतर्गत 9 अप्रैल को प्रभावित क्षेत्र 11 केव्ही बिलहरी, रैपुरा घरेलू, घुघरा घरेलू, कृषि बिलहरी के एचटी उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसी प्रकार 11 केवी सिटी-5, सिटी-6 फीडर अंतर्गत 10 अप्रैल को प्रभावित क्षेत्र शिव नगर, चांडक चौक, आदर्श कॉलोनी, नई बस्ती, बालाजी नगर, शिवाजी नगर सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

पंचायत भवन में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने पर दो आरोपी गिरफ्तार

ढीमरखेड़ा पुलिस ने शिकायत के बाद की कार्रवाई

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने और सरकारी कर्मचारी से गाली-गलौज करने पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हरदुआ अतरिया गांव निवासी सोने सिंह ग्राम सचिव के पद पर पदस्थ हैं। उनके द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि 11 मार्च को जब वह पंचायत भवन में शासकीय कार्य कर रहे थे, तभी गांव के नानबाई और शेषनारायण गौंड़ वहां पहुंचे। दोनों ने सचिव के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की और उन्हें कार्य करने से रोक दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया। दोनो आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, एएसआई जयपाल सिंह, आरक्षक पंकज, देवेन्द्र अहिवार, महिला आरक्षक शालनी राजपूत और महिला कोटवार रिंकी दाहिया की भूमिका रही।पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है। आरोपियों रवैया विवादित रहा है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का किया सम्मान

लाटपहाड़ी स्कूल में आयोजित किया गया प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

नवभारत, रीठी। शासकीय प्राथमिक शाला लाटपहाड़ी में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कक्षा 1 से 5 तक प्रथम आने वाले को अध्यक्ष रामकृपाल द्वारा पुरस्कार, वर्ष में सबसे ज्यादा उपस्थित रहने वाले छात्रों को उपा अध्यक्ष श्रीमती आरती लोहार द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। पहली में दर्ज होने वाले छात्रों को सरपंच प्रतिनिधि और ग्राम के नागरिक जीवन पटेल द्वारा रोरी तिलक लगाकर और मीठा खिलाकर प्रवेश करवाया गया। पांचवी का परीक्षा परिणाम लगातार 27 वर्षों से सौ प्रतिशत आने पर शाला को इस वर्ष निपुण शाला घोषित किया गया। स्कूल की इस उपलब्धि पर शिक्षक और शिक्षिका की सराहना की गई। इस अवसर पर शिक्षिका अंजना सोनी, ग्राम की माता और उनके पिता कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रभारी अजय सोनी और सभी का आभार शिक्षिका अंजना सोनी द्वारा किया गया

खेत से सबमर्सिबल पंप चोरी, पुलिस गश्त पर सवाल

रीठी थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। सलैया पुलिस चौकी से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर चोरों ने बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पूर्व सरपंच मिल्लू लाल के खेती प्लॉट से अज्ञात चोर पानी की मोटर और सबमर्सिबल पंप चोरी कर ले गए। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र में अब तक दर्जनों मोटर चोरी हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस आज तक किसी भी मामले में आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। करीब चार महीने पहले भी इसी जगह चोरी हुई थी, लेकिन उस मामले में भी आज तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। लगातार हो रही घटनाएं पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि चौकी में तैनात पुलिस स्टाफ सिर्फ औपचारिकताओं में लगा रहता है, जबकि क्षेत्र में अपराधी खुलेआम वारदात कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नियमित गश्त बढ़ाई जाए, चोरी की घटनाओं पर रोक लगे और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

विधायक बने प्रदेश प्रवक्ता, मृदुल को बनाया युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष

प्रदेश में पदाधिकारी बनने से बढ़ा जिले का गौरव

नवभारत, कटनी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल के द्वारा मुड़वारा के विधायक संदीप जायसवाल की प्रदेश प्रवक्ता पद पर नियुक्ति से जिले को गौरव बढ़ा है। विधायक के अनुभव का लाभ नि:संदेह प्रदेश प्रवक्ता के अहम दायित्व में महत्वपूर्ण होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने विधायक संदीप जायसवाल को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रवक्ताओं मीडिया पैनलिस्टगण और सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होनें भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मृदुल मिश्रा की नियुक्ति पर भी हर्ष जताते हुए इसे जिले की युवा शक्ति को गौरवान्वित करने वाला निर्णय बताते हुए प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन, भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे समय में जब देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ निर्णायक गति से आगे बढ़ रहा है और हमारा मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को स्थापित कर रहा है, आप सभी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। जिलाध्यक्ष ने विधायक और मृदुल मिश्रा को महत्वपूर्ण दायित्व के लिए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है भाजपा जिलाध्यक्ष सहित विधायक संजय पाठक, प्रणय पांडेय, धीरेंद्र सिंह, महापौर प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, सभी जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

निरीक्षण जल संरक्षण और संवर्धन के तहत मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश

खेत तालाब के निर्माण के स्थल चयन में लापरवाही, सीईओ नाराज, होगी कार्रवाई

नवभारत, कटनी। बारिश के पानी को सुरक्षित करना, इसके लिए किए गए उपायों को बढ़ावा देना हम सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है और हम समय रहते सचेत नहीं होते हैं तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य संकटों से ग्रस्त होगा। इसे सुरक्षित करने जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत मनरेगा और अन्य योजनाओं से स्वीकृत अमृत सरोवर, चेकडैम, सोक पिट, खेत तालाब सहित अन्य जल संरचनाओं के लिए स्थल का चयन बेहद सावधानीपूर्वक करें, तकनीकी मानकों का पालन करें, और तय समय सीमा में प्रगतिरत कार्यों को प्राथमिकता से गुणवत्ता को ध्यान में रखकर पूरा कराएं। ये बातें जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने रीठी विकासखंड के आधा दर्जन से अधिक गांव का औचक निरीक्षण करते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, अन्य तकनीकी अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत हथकुरी के नवापट्टी में सुनमान सिंह के खेत तालाब का निरीक्षण किया। उन्होने खेत तालाब निर्माण के स्थल चयन पर नाराजगी जताई। इस दौरान उन्होंने तकनीकी स्वीकृति, व्यय राशि और मूल्यांकन राशि की जानकारी ली। जिला पंचायत की सीईओ ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ देवगांव, हथकुरी , वसुधा, तिघरा कलां, उमरिया, नवापट्टी सहित अन्य ग्रामों में कराए गए जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत जल संग्रहण के लिए कराए जा रहे अमृत सरोवर, चेक डैम, सोकपिट और जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित कराए गए जलाशयों का निरीक्षण किया। उन्होंने एस्टीमेट, सूचना पटल, स्थल चयन, कार्य प्रारंभ होने से लेकर कार्य की शुरुआत और निगरानी के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ ने सामुदायिक भवन, निर्माणधीन भवन का अवलोकन कर जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत की सीईओ ने जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में ग्रामीणों और महिला श्रमिकों से संवाद किया। लाडली बहना, पेंशन योजना, केंद्र और राज्य शासन द्वारा संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभ मिलने की जानकारी ली। उन्होंने जल जीवन मिशन परियोजनाओं के अंतर्गत हर-घर नल और हर घर जल के संबंध में ग्रामीणों का फीडबैक लिया। पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने देवगांव में नल जल योजना में आवश्यक सुधार करने के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत के सीईओ राजेश नरेंद्र सिंह, मनरेगा के परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।